लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अश्विन शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 15 अक्टूबर 2023

PAGE NO : 09 BOTTOM

ग्रीन एनर्जी टेक्नोलॉजी पर सेमिनार संपन्न

अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के मैकेनिकल, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन, इलेक्ट्रीकल एंड इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग में शनिवार को ग्रीन एनर्जी टेक्नोलॉजी चैलेन्जिस एंड सल्यूशन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का समापन हो गया। प्रथम तकनीकी सत्र के मुख्य प्रवक्ता आईईआई के पूर्व चेयरमैन सुधीर गुप्ता ने हरित परिवाहन एवं अपशिष्ट से ऊर्जा समाधान के बारे में विस्तार से बताया। द्वितीय तकनीकी सत्र के मुख्य प्रवक्ता डॉ. तौसीफ उद्दीन सिद्दीकी प्रो. एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने वनस्पति तेल आधारित नैनो स्नेहन का उपयोग कर टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल मिलिंग संचालन के विषय पर प्रकाश डाला। तृतीय तकनीकी सत्र के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मो रिहान, प्रोफेसर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने मजबूत स्मार्ट और सुरक्षित पावर ग्रिड के विकास पर विस्तार से चर्चा की। पोस्टर प्रिजेंटेशन में 11 प्रतिभागी टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम पुरस्कार दिवांशु सिंह चौहान, द्वितीय पुरस्कार केशव एवं दिशा और तृतीय पुरस्कार सक्षम को मिला। सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ अनुज कुमार, डॉ डीएन राय आदि मौजूद रहे। चेयरमैन देवमूर्ति, डॉ. प्रभाकर गुप्ता और नजिया परवीन ने आभार व्यक्त किया।